हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 22 अक्तूबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

भारतीय रिजर्व बैंक के लोकपाल एवं भारतीय रिजर्व बैंक की चंडीगढ़ शाखा के मुख्य महा प्रबंधक राजीव द्रिवेदी ने कहा है कि बैंक उपभोक्तओं को आए दिन हो रही साइबर ठगी से बचने के लिए जागरूक होने और सावधान रहने की ज़रूरत है वे कल चण्डीगढ़ स्थित रिजर्व बैंक लोकपाल कार्यालय द्वारा चण्डीगढ़ प्रेस क्लब के सहयोग से क्लब के सदस्यों के लिए वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों में रिज़र्व बैंक लोकपाल योजना की जानकारी बढ़ाना एवं डिजिटल लेन-देन में धोखाधड़ी से सजग करना था। उन्होंने कहा कि इस धोखाधड़ी का शिकार अधिकतर सम्पन्न वर्ग के लोग, डॉक्टर्स एवं वकील हो रहे हैं। श्री द्रिवेदी ने प्रतिभागियों को ओटीपी, खाता या कार्ड विवरण, पिन, इंटरनेट बैंकिंग पासवर्ड आदि साझा न करने और सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक किया ।उन्होंने कहा कि एक तो अज्ञात नंबर वाली फोन कॉल्स उठाने से बचना चाहिए तथा साथ ही ऐसी कॉल्स आने पर शीघ्रातिशीघ्र संबंधित बैंक में शिकायत करनी चाहिए।श्री राजीव द्विवेदी ने बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के ग्राहकों के अधिकारों के साथ-साथ जिम्मेदारियों और कर्तव्यों पर भी प्रकाश डाला। प्रतिभागियों को केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई 'संचारसारथी' वेबसाइट के बारे में भी जागरूक किया गया।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी को पदभार ग्रहण करवाने के मौके पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सभी मंत्रियों को विभागों का बंटवारा कर दिया गया है। जिन उम्मीदों के साथ हरियाणा की जनता ने भाजपा को बहुमत दिया, उन पर हम सभी कड़ी मेहनत करते हुए खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा कि 25 अक्तूबर को सभी विधायकों को शपथ दिलवाई

जाएगी।पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वह युवाओं को बिना पर्ची व खर्ची के नौकरियां देने में बाधाएं पैदा कर रही है।मुख्यमंत्री ने पराली प्रबंधन के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने पराली प्रबंधन में काफी बेहतर काम किया है। किसानों को पराली प्रबंधन के लिए 1 एकड़ पर 1,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि भी दी जा रही है। साथ ही, किसानों को पराली प्रबंधन के लिए सब्सिडी पर उपकरण भी प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने किसानों से पराली न जलाने की अपील भी की ।श्री मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान पराली न जलाएं, इससे न केवल प्रदूषण होता है बल्कि मिट्टी की उपजाऊ शक्ति भी प्रभावित होती है।

****

हरियाणा की महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने कल भिवानी में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली । बैठक में श्रीमती श्रुति चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सख्त हिदायत है कि भ्रष्टाचार व अपराध को बिलकुल सहन नहीं किया जाएगा और अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे सरकार की नीतियों के अनुरूप कार्य करेंगे।कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अधिकारी उनके कार्यालय में आने वाले आमजन के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करें और समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को कहा कि वे क्षेत्र का दौरा करके सीवर व पेयजल से संबंधित समस्याओं वाली जगहों को चिन्हित करें और जल्द से जल्द उनका समाधान करें। उन्होंने कहा कि पेयजल व सीवर व्यवस्था के मामले में कोई भी ढील नहीं रहनी चाहिए।उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों व मूलभूत सुविधाओं को लेकर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करके अतिशीघ्र उन पर काम शुरू करने के निर्देश भी दिये।

****

अखिल भारतीय कांग्रेस समिति की महासचिव एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा की बी जे पी सरकार पहले की तरह नगर निकायों

में समाधान शिविरों का आयोजन कर लोगो को कतार में खड़ा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ईमानदारी से सम्पति पहचान संबंधी शिकायतों का समाधान करना चाहती है तो अधिकारियों-कर्मचारियों को घर-घर जाकर काम करना होगा। मीडिया को जारी बयान में उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने जिस एजेंसी से सम्पति सर्वेक्षण करवाया था वह फर्जी साबित हुआ, सरकार ने इसके बावजूद कंपनी को भुगतान कर दिया। क़ाबिलेगौर है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को आज से नगर निकायों में समाधान शिविर शुरू करने के निर्देश दिए हैं ।समाधान शिविर के अंतर्गत सुबह 9 से 11 बजे तक सभी अधिकारी कार्यालय में बैठकर आमजन की सम्पति पहचान और स्वामित्व से संबंधित समस्याओं का समाधान करेंगे।

****

हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ कुलदीप चंद अग्निहोत्री व अकादमी निदेशक डॉक्टर धर्मवीर विद्यार्थी ने कल पंचकूला के अकादमी भवन में कवयित्री सुषमा जोशी रती के पहले काव्य संग्रह मन परिंदा का विमोचन किया। मन परिंदा पुस्तक में 75 कविताओं का संग्रह है। अखिल भारतीय साहित्य परिषद हरियाणा की प्रांतीय उपाध्यक्ष संतोष गर्ग के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम में कई प्रमुख शख़्सियतें शामिल हुई। इस अवसर पर मॉडल और भारतीय स्टेट बैंक की सेवा निवृत्त मुख्य प्रबंधक एवं पुस्तक की लेखिका सुषमा जोशी ने अपने

काव्य संग्रह के बारे बात करते हुए कहा कि नारी, बदलते रिश्तों, सामाजिक कुरीतियों व इच्छाओं से ऊपर उठ कर ही सशक्त बन सकती है।